**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**
**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) JUNE, 2023**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(First Language)**

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

**(For New Version)**

Who registered their names on or after June, 2018

## (General Instructions for the Examinees)

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper. Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए ( *कोई बारह*) : 1×12=12

(i) कबीर की साखियों में है–

(क) सोरठा (ख) पद

(ग) रोला (घ) दोहे

(ii) कवि दोनों बच्चों को किसके जैसा बनाना चाहता है?

(क) दुर्योधन (ख) कर्ण

(ग) अभिमन्यु (घ) अर्जुन

(iii) कवि को काया में ही क्या मिल गया है?

(क) आनन्द (ख) मोक्ष

(ग) लक्ष्य (घ) दुःख

(iv) 'लोहे का चना चबाना' मुहावरा का अर्थ क्या है?

(क) सहज कार्य करना (ख) कठिन कार्य करना

(ग) सफल कार्य करना (घ) कुछ भी नहीं करना

(v) सर्वेश्वर जी किस काव्य धारा के कवि हैं?

(क) प्रयोगवादी (ख) जनवादी

(ग) प्रगतिवादी (घ) नई कविता

(vi) पर्वत सम्राट किसे कहा गया है?

(क) विन्ध्याचल पर्वत (ख) नीलगिरि पर्वत

(ग) अरावली पर्वत (घ) हिमालय पर्वत

(vii) स्वाति एक गुण तीन– स्वाति क्या है?

(क) नक्षत्र (ख) लड़की

(ग) पानी (घ) नदी

(viii) शेक्सपीयर के किस रचना का गुरुदेव ने बंगला में अनुवाद किया?

(क) हैमलेट (ख) मैकबेथ

(ग) मेघनाथ (घ) आर्मस एण्ट द मैन

(ix) 'यह चिमटा कितने का है?'– यह किसका कथन है?

(क) मोहसिन (ख) महमूद

(ग) हामिद (घ) अब्बाजान

(x) लेखिका को सोना किससे प्राप्त हुई?

(क) धीरेन्द्र बसु (ख) सुस्मिता बसु

(ग) नरेन्द्र बसु (घ) महेन्द्र बसु

(xi) 'किस बिन्दु पर रूकेगी यह दौड़?'– पाठ का नाम क्या है?

(क) ईदगाह (ख) जीवन और शिक्षण

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति (घ) सोना

(xii) आकाश के एक गोलार्द्ध में अधिक-से अधिक कितने तारे देखे जा सकते हैं?

(क) एक हजार (ख) तीन हजार

(ग) चार हजार (घ) इनमें से कोई नहीं

(xiii) 'दाने लाओ और दीये का प्रबन्ध करो'– वक्ता कौन है?

(क) सुरेन्द्र (ख) रोशन

(ग) भाषी (घ) पिता

(xiv) 'भगवान ने अर्जुन से कुरूक्षेत्र में ही भगवद्गीता कही'– भगवान कौन है?

(क) कृष्ण (ख) युधिष्ठिर

(ग) द्रोणाचार्य (घ) कृपाचार्य

(xv) ''उसके पास दोषों का 'केटलाग' है।''– 'केटलाग' का तात्पर्य क्या है?

(क) सूची पत्र (ख) रोजनामचा

(ग) विशेष (घ) सुन्दर

(xvi) 'उन्हें' खोकर विश्व-मानव दरिद्र हो गया– 'उन्हें' कहकर किसे संकेतित किया गया है?

(क) प्रेमचन्द (ख) महादेवी

(ग) रवीन्द्रनाथ (घ) श्यामाचरण दूबे

(xvii) गुणाकर मुले किस भाषा के साहित्यकार हैं?

(क) गुजराती (ख) भोजपुरी

(ग) हिन्दी (घ) बंगला

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 20 शब्दों में दीजिए (*कोई छः*): 2×6=12

(i) अहीर की छोहरियाँ किसे और क्यों नचाती हैं?

(ii) 'सहसबाहु' और 'दसबदन' कौन थे?

(iii) 'लोग भरम हम पै करैं, ताते नीचे नैन'– किसके नैन नीचे हो जाते हैं और क्यों?

(iv) विजय-निशान किसे कहा गया है और क्यों?

(v) 'तुमने जो दिया, दिया,'– किसने, किसे, क्या दिया बताइए।

(vi) शांतिनिकेतन की स्थापना कब हुई और क्यों हुई थी?

(vii) हेमंत-बसंत और गोधुली कौन थी?

(viii) मनुष्य में 'हीनता और ग्लानि' का भाव कब और क्यों आता है?

(ix) जीवन और मरण दोनों आनन्द की वस्तु होनी चाहिए क्यों?

(x) सूर्य क्या है? इसका आयतन कितना है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही '*नौ*' प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 50 शब्दों में): 4×9=36

(i) पाहन हौं तो वही गिरि को जो धर्‍यो कर छत्र पुरंदर-कारन

(क) पुरन्दर कौन हैं?

(ख) कथन का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

(ii) ''कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत

विपत्ति-कसौटी जे कसे, सोही साँचे मीत।''

(क) 'कसौटी' क्या है?

(ख) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

(iii) कबीर के नीति परक दोहों के आधार पर उनके विचारों को स्पष्ट कीजिए। 4

(iv) बहुत दिनों से मैं

किसी ऐसे आदमी से मिलना चाहता हूँ

जिसे देखते ही लगे

करोड़ों जन्मों के पाप मिट गए

कट गए सारे बंधन

कि मोक्ष मिल गया इसी काया में।

— उपरोक्त पंक्तियों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कवि बहुत दिनों से कैसे आदमी से मिलना चाहते हैं? 4

(v) 'भिक्षुक' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं स्पष्ट कीजिए। 4

(vi) 'हिन्दुस्थान हमारा है' शीर्षक पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 4

(vii) ''इस अपूर्व दृश्य का वर्णन मानवी शक्ति से परे है।''

(क) प्रस्तुत गद्यांश के रचनाकार कौन हैं?

(ख) यहाँ किस अपूर्व दृश्य की चर्चा की गई है? उस पर प्रकाश डालिए। 1+3=4

(viii) बड़े होने पर सोना के रूप और व्यवहार में क्या अन्तर आ गया पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 4

(ix) संपूर्ण गैर-जिम्मेदारी से सम्पूर्ण जिम्मेदारी में कूदना तो एक हनुमान-कूद ही हुई

(क) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक कौन हैं?

(ख) हनुमान कूद का क्या परिणाम होता है? 1+3=4

(x) ''निन्दा कुछ लोगों की पूँजी होती है।''– कैसे? स्पष्ट कीजिए। 4

(xi) 'पारसेक' क्या है? इसका संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

(xii) 'लक्ष्मी का स्वागत' पाठ के आधार पर रोशन का चरित्र चित्रण कीजिए। 4

(xiii) पठित पाठ के आधार पर रवीन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 4

(xiv) ''उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी।''

(क) इस कथन के वक्ता कौन हैं?

(ख) कथन का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(i) समास विग्रह कीजिए एवं उनके नाम लिखिए : 1×5=5

नवरत्न, यथासंभव, रसोईघर, माता–पिता, अन्याय।

(ii) सार्वनामिक विशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 1×5=5

(iii) करण कारक और अपादान कारक में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 1×5=5

(iv) वचन वदलिए : 1×5=5

बात, कामनाएँ, वधू, शिक्षक, नीति

(v) वाच्य किसे कहते है? इसके कितने भेद होते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 1×5=5

(vi) दिए गए मुहावरों का अर्थ लिख कर उनका स्वरचित वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

छाती पीटना, खेत रहना, घी के दीये जलाना, टोपी उछालना, नौ दो ग्यारह होना।

(vii) भाव विस्तार कीजिए : 5

अधजल गगरी छलकत जाय।

*अथवा,*

दैव दैव आलसी पुकारा

(viii) गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगा है। उसकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। 5

*अथवा,*

खेलकूद की अनिवार्यता बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद आवश्यक है। 5

**5.** किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 350 शब्दों में): 10

(i) मोबाइल और विद्यार्थी

(ii) लोकतन्त्र और मीडिया

(iii) मेरे प्रिय साहित्यकार

(iv) भारत: एक खोज

———